

# अमित शाह के भ्रष्टाचार के आरोपों पर द्रमुक का पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने परिसीमन मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भ्रष्टाचार संबंधी टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि शाह जब भी तमिलनाडु आते हैं, तो राज्य की तत्कालीन सरकार की आलोचना करते हैं। शाह शुक्रवार को चेन्नई में होंगे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कामकाज की समीक्षा तथा 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों से पहले गठबंधन पर भी चर्चा कर सकते हैं।

द्रमुक के वरिष्ठ नेता और संगठन सचिव आर एस भारती ने शाह की टिप्पणी को 'झूठ' करार दिया। भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने का वादा किया था, लेकिन वह 'केवल विपक्षी दलों को दबाने के लिए भ्रष्टाचार के आरोपों का इस्तेमाल कर रहे हैं।'

भारती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने 2023 में विभिन्न केंद्रीय पहलों में 7.50 लाख करोड़ रुपये की कथित अनियमितताओं की ओर इशारा किया था।

द्रमुक के संगठन सचिव ने कहा, ''अमित शाह जब भी तमिलनाडु आते हैं, तो वह राज्य में शासन करने वाले किसी भी व्यक्ति को भ्रष्ट बताते हैं। उन्होंने 2018 में ऐसा ही किया था, जब उन्होंने कहा था कि तमिलनाडु सबसे भ्रष्ट राज्य है। '' उन्होंने बताया कि उस समय राज्य में ई के पलानीस्वामी के नेतृत्व में अन्नाद्रमुक का शासन था।

द्रमुक नेता ने अन्नाद्रमुक के कुछ पूर्व मंत्रियों की संपत्तियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी की ओर इशारा करते हुए सवाल किया कि उन मामलों की स्थिति क्या है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, क्या शाह अपने तमिलनाडु दौरे के समय इस पर स्पष्टीकरण देंगे? अन्नाद्रमुक से जुड़ी ये सीबीआई, ईडी की सभी छापेमारी केवल एक नाटक है। इससे पहले तमिलनाडु में परिसीमन के मुद्दे पर बात करते हुए शाह ने कहा कि राज्य सरकार अपने 'व्यापक' भ्रष्टाचार को 'छिपाने' के लिए इन मुद्दों को उठा रही है।

# प्रौद्योगिकी भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं अधिक प्रभावित कर रही : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वेलिंगटन (तमिलनाडु)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं अधिक प्रभावित कर रही है और युद्ध की परंपरागत धारणाएं नये सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि युद्ध भूमि में तकनीकी नवाचार की ताकत वाकई अद्भुत है।

उन्होंने कहा, आज प्रौद्योगिकी भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं ज्यादा प्रभावित कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, सैन्य स्वायत्तता, ड्रोन विज्ञान, क्वांटम, ब्लॉक चेन, अंतरिक्ष, साइबर सहित अन्य उभरती प्रौद्योगिकियां प्रतिरोध और युद्ध लड़ने के तौर-तरीके में क्रांति ला रही हैं। युद्ध अब जमीन, समुद्र और आकाश जैसे परंपरागत क्षेत्रों से परे अंतरिक्ष, साइबर, समुद्र के नीचे और रचनात्मकता के नये क्षेत्रों में लड़े जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, उदाहरण के लिए, ड्रोन विज्ञान यूक्रेन-रूस संघर्ष में एक परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के रूप में नहीं, बल्कि एक नये हथियार के रूप में उभरा है। सैनिकों और उपकरणों की अधिकांश क्षति के लिए पारंपरिक तोपों या कमजोर सुरक्षा कवच को नहीं, बल्कि ड्रोन को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने कहा, इसी तरह, पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य खुफिया जानकारी, सतत निगरानी, तैनाती, लक्ष्य निर्धारण और संचार के तरीके में बदलाव ला रही हैं तथा युद्ध को एक नयी ऊंचाई पर ले जा रही हैं। युद्ध भूमि में तकनीकी नवाचार की ताकत वास्तव में अद्भुत है। राजनाथ ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष और समकालीन रुझान इस तथ्य को उजागर करते हैं कि युद्ध की परंपरागत धारणाएं नये सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, मानवरहित प्रणालियों और



एआई आधारित पूर्वानुमान की शुरुआत के साथ उभरती प्रौद्योगिकियां युद्ध के चरित्र को प्रभावित कर रही हैं। आज युद्ध जमीन, समुद्र और आकाश के परंपरागत युद्धक्षेत्रों से परे चला गया है। सशस्त्र बलों के लिए एक बहुआयामी माहौल में संयुक्त रूप से काम करना अधिक जरूरी हो जाएगा, जहां साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध परंपरागत युद्धों की तरह ही घातक होंगे।

राजनाथ ने कहा, हम 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड' (मिश्रित) युद्ध के युग में हैं, जिसमें साइबर हमले, गलत सूचना अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे हथियार बनकर उभरे हैं, जिनके जरिये एक भी गोली चलाए बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्य पूरे किए जा सकते हैं। 'ग्रे जोन' का मतलब ऐसे कालखंड से है, जहां युद्ध और शांति के बीच के समय में राज्य और राज्येतर तत्वों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की प्रतिस्पर्धा होती है। इसमें गैर-परंपरागत तरीकों और रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो परंपरागत युद्ध के दायरे में नहीं आते। उन्होंने कहा कि भारत और पूरी दुनिया अलग-अलग तरह की सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही है।

रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे मामले में, हम उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर लगातार चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमारे पड़ोस में आतंकवाद के केंद्र से छद्म युद्ध और दहशतगर्दी के खतरे कारण यह चुनौती और भी जटिल हो जाती है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हमारे पूर्व में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव का प्रभाव हमारे समग्र सुरक्षा समीकरण पर पड़ रहा है। इसके अलावा, प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों सहित गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों से निपटने की क्षमता विकसित करना तेजी से अहम होता जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने से पहले राजनाथ ने यहां मद्रास रेजिमेंटल सेंटर के युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

## राजनाथ सिंह ने कुन्नूर में शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि, युवा अधिकारियों को दी बधाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कुन्नूर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के कुन्नूर में वेलिंगटन छावनी के स्मारक चौक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए जान कुर्बान करने वाले सैनिकों को याद किया। यह दौरा आर्मी ट्रेनिंग कॉलेज में पासिंग-आउट परेड के मौके पर हुआ, जिसमें राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान शामिल हुए। इस आयोजन में भारत और मित्र देशों के युवा सैन्य अधिकारियों ने एक साल का प्रशिक्षण पूरा किया।

वेलिंगटन में मद्रास रेजिमेंट सेंटर (एमआरसी) और आर्मी ट्रेनिंग कॉलेज जैसे बड़े सैन्य प्रशिक्षण केंद्र हैं। यह कॉलेज भारतीय सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ 50 से ज्यादा देशों के करीब 500 प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग देता है, जिसमें चीन और पाकिस्तान शामिल नहीं हैं। पासिंग-आउट परेड में प्रशिक्षण पूरा करने वाले इन युवा अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मंत्री के दौरे के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कॉलेज के पाइन गेस्ट हाउस में गणमान्य लोगों का स्वागत हुआ।

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, मैं आज यहां भारत और मित्र देशों के युवा सैन्य नेताओं के बीच हूं। आप सभी ने कोर्स पूरा किया, इसके लिए बधाई। आप देश की सुरक्षा और तरक्की के लिए तैयार हैं। मुझे आप पर गर्व है। उन्होंने हाल ही में म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा, भारत हमेशा मुश्किल वक्त में दोस्तों के साथ खड़ा रहता है। हमने म्यांमार को राहत पहुंचाई, यह हमारा कर्तव्य है।

उन्होंने युवा अधिकारियों से कहा, आप भविष्य के सैन्य नेता हैं। आपको बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। आज दुनिया तेजी से बदल रही है। डिजिटल सुरक्षा, तकनीक और नई चुनौतियां आपके सामने होंगी। इनसे निपटने के लिए आपको तैयार रहना होगा। अपने देश और लोगों के लिए बेहतर भविष्य बनाना आपका लक्ष्य है। राजनाथ सिंह ने वैश्विक बदलावों पर जोर देते हुए कहा, तकनीक और नवाचार आज दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इनका सही इस्तेमाल जरूरी है। आपको इनके फायदे और नुकसान दोनों समझने होंगे।

# तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण से जांच में मजबूती आएगी : एनआईए टीम के पूर्व पुलिस अधिकारी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** मुंबई आतंकी हमलों की जांच करने वाली एनआईए टीम में शामिल रहे केरल के पूर्व पुलिस प्रमुख लोकनाथ बेहरा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से हमलों के पीछे की व्यापक साजिश को उजागर करने के प्रयासों को काफी मजबूती मिलेगी। बेहरा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) में महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत थे और उन्होंने आतंकी हमलों की जांच की निगरानी की थी।

उन्होंने कहा कि राणा को भारत लाए जाने से जांच एजेंसियों को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या 2008 के मुंबई हमलों में और लोग भी शामिल थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, ''मैं व्यक्तिगत रूप से बहुत खुश हूं कि एनआईए द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के 14 साल बाद राणा को अंततः प्रत्यर्पित कर दिया गया। उसके खिलाफ 2011 में दिल्ली में उसकी अनुपस्थिति में आरोपपत्र दाखिल किया गया था।''

बेहरा ने कहा कि भारतीय एजेंसियों को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी से पूछताछ करने का कभी मौका नहीं मिला, जिससे उसका प्रत्यर्पण और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा, ''भारतीय जांचकर्ता और अन्य एजेंसियां अब बड़ी साजिश के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकती हैं, जो मुंबई हमलों से भी आगे तक जाती है।''

बेहरा ने कहा कि जांचकर्ताओं को इस बात के सबूत मिले हैं कि राणा ने कोच्चि का दौरा किया था और साक्षात्कार आयोजित किए थे। बेहरा वर्तमान में कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि राणा को भारत लाए जाने से उस पर सफल मुकदमा चलाया जा सकेगा और उसे अधिकतम सजा दी जा सकेगी।

# टीसीएस ने आरती सुब्रमण्यन को मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आरती सुब्रमण्यन को कार्यकारी निदेशक – अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उनका कार्यकाल एक मई, 2025 से शुरू होकर पांच साल के लिए रहेगा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस नियुक्ति को कंपनी के शेयरधारकों से मंजूरी मिलनी बाकी है।

कंपनी ने कहा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के आधार पर निदेशक मंडल ने आज एक मई, 2025 से 30, अप्रैल 2030 तक पांच साल की अवधि के लिए आरती सुब्रमण्यन को कंपनी के कार्यकारी निदेशक – अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुब्रमण्यन टाटा संस में मुख्य डिजिटल अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं, जो प्रमुख निवेश होल्डिंग कंपनी और टाटा एंटरप्राइजेज की प्रवर्तक है। टीसीएस ने मंगेश साठे को मुख्य रणनीति अधिकारी नियुक्त करने की भी घोषणा की।



# कोयंबटूर में आठवीं की छात्रा ने कक्षा के बाहर परीक्षा दी, प्राचार्य निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक माध्यमिक स्कूल की आठवीं की एक छात्रा को उसके पहले मासिक धर्म के कारण सीढ़ियों पर बिठाकर वार्षिक परीक्षा दिलाये जाने की घटना के बाद प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है। अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाली लड़की का स्कूल परिसर की सीढ़ियों पर अपनी आखिरी परीक्षा देने का वीडियो बुधवार को वायरल होने के बाद, पोलाची की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने जांच की।

वीडियो वायरल के बाद, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिले के पोलाची के पास सेंगुट्टईपलायम में स्कूल के प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने बताया, निजी स्कूल के खिलाफ विभागीय जांच की गई है। स्कूल प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा, किसी भी रूप में बच्चों के खिलाफ उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रिय छात्र, आप अकेले नहीं हैं! हम आपके साथ खड़े हैं। लड़की के पिता ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी बेटी को पिछले सप्ताह पहली बार मासिक धर्म शुरू हुआ था और वह इस सप्ताह होने वाली अपनी अंतिम परीक्षा देने के लिए स्कूल जाना चाहती थी।

उन्होंने कहा, हमने स्कूल प्रशासन से उसे परीक्षा में मदद करने के लिए एक अलग मेज और कुर्सी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। लेकिन, स्कूल ने इसकी व्यवस्था नहीं की। उसे अपनी कक्षा के बाहर सीढ़ियों पर बैठकर लिखने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि लड़की के पैर में दर्द भी हो गया, क्योंकि उसे सीढ़ियों पर दो घंटे से अधिक समय तक लगातार बैठना पड़ा।

# केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल की तरह वक्फ अधिनियम को 'खारिज' करे : केरल मुस्लिम समूह

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में मुस्लिम संगठनों ने राज्य की वामपंथी सरकार और विपक्षी दलों से एक संयुक्त प्रस्ताव पारित करने का आह्वान किया है, जिसमें यह कहा जाए कि राज्य में विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि राज्य को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की तर्ज पर ऐसा करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि वह अपने राज्य में इस अधिनियम को लागू नहीं करेंगी, जबकि तमिलनाडु विधानसभा ने संसद द्वारा पारित किए जाने से पहले ही केंद्र से वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) इस कानून को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी।

साउथ केरल जमीयतुल उलमा के महासचिव टी. मुहम्मद कुंजी मौलवी ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, स्टालिन पहले ही घोषणा कर चुके हैं और उनकी विधानसभा ने वक्फ संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। हम मांग करते हैं कि केरल सरकार भी ऐसा प्रस्ताव पारित करे। हाल ही में पारित कानून के विरोध में बृहस्पतिवार को केरल में राजभवन तक मार्च निकालने वाले कई अन्य मुस्लिम संगठनों ने भी यही मांग की है। मुस्लिम नेताओं ने इस संशोधन को देश से मुसलमानों को मिटाने और उनकी सभी संपत्तियों को जब्त करने का प्रयास बताया है।

# भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई ने बृहस्पतिवार को राज्य इकाई के अध्यक्ष पद के आवेदन आमंत्रित किए। यह आवेदन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चेन्नई दौरे के समय आमंत्रित किए गए है। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी 11 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा करेगी। के अन्नामलाई ने पहले कहा था कि वह इस पद की दौड़ में नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या नेतृत्व में कोई बदलाव हुआ है, अन्नामलाई ने मुस्कुराते हुए संवाददाताओं से कहा, आपको कल आधिकारिक तौर पर बताया जाएगा। अभी मैं यही कहूंगा कि अमित शाह जी आज रात चेन्नई आ रहे हैं और वह कल राज्य में हो रही गतिविधियों का जायजा लेंगे। उन्होंने कहा कि शाह पार्टी सदस्यों से सीधी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे हैं। पार्टी ने प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद और राष्ट्रीय महासमिति के सदस्यों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। पार्टी ने घोषणा की, नामांकन पत्र कल (11 अप्रैल) पार्टी के राज्य मुख्यालय कमलालयम में राज्य निर्वाचन अधिकारी एम चक्रवर्ती प्राप्त करेंगे। शीर्ष पदों के लिए चुनाव के वास्ते नामांकन पत्र पार्टी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। पार्टी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इच्छुक सदस्य कल (11 अप्रैल) दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच राज्य मुख्यालय में विधिवत भरे हुए फॉर्म डाउनलोड करके जमा कर सकते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि चुनाव परिणाम 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे।

# पीएमके संस्थापक रामदॉस ने पार्टी की कमान संभालने की घोषणा की, बेटे को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया



**विल्लुपुरम।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक डॉ. एस रामदॉस ने एक आकस्मिक घटनाक्रम में बृहस्पतिवार को पार्टी की पूरी बागडोर संभालने की घोषणा की और अपने अध्यक्ष बेटे अंबुमणि रामदॉस को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। एस रामदॉस ने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी में फेरबदल करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''मैंने 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक कार्ययोजना तैयार की है। उसे क्रियान्वित करने के लिए, मैं पीएमके का पुनर्गठन करना आवश्यक समझता हूं।''

एस रामदॉस ने अपने थाईलापुरम स्थित आवास पर संवाददाताओं से कहा, मैं यह घोषणा पूरे दिल से कर रहा हूं। पीएमके संस्थापक के रूप में, मैं इसके अध्यक्ष का पद संभाल रहा हूं और डॉ. अंबुमणि रामदॉस को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि उनके बेटे, पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि चुनाव में पार्टी की जीत के लिए प्रयास करेंगे। एस रामदॉस ने यह भी कहा कि पूर्व अध्यक्ष जी के मणि पार्टी के मानद अध्यक्ष होंगे। उनकी यह आकस्मिक घोषणा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चेन्नई दौरे से पहले हुई है। गत 29 दिसंबर, 2024 को अंबुमणि ने अपने पिता एस रामदॉस द्वारा नाती पी मुकुंदन को पीएमके की युवा शाखा का सचिव नियुक्त किए जाने का खुलकर विरोध किया था। मुकुंदन, रामदॉस की सबसे बड़ी बेटी गांधीमती के बेटे हैं।

बृहस्पतिवार को, संवाददाताओं के साथ बातचीत में में 85 वर्षीय रामदॉस ने कहा कि अधिकारों की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के कारण उन्हें जेल में डाला गया था और राज्य की केंद्रीय जेलों में रखा गया था। उन्होंने कहा, इससे मेरे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के सक्रिय सहयोग और समर्थन से स्वस्थ हुआ। पीएमके ने तमिलनाडु में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटक दल के रूप में पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था।

# बेटी के खिलाफ एसएफआईओ की कार्रवाई संबंधी सवालों पर विजयन को गुस्सा होने की जरूरत नहीं : सतीशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को अपनी बेटी के खिलाफ एसएफआईओ की कार्रवाई के संबंध में मीडिया के सवालों पर गुस्से में प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें अपने पद के चलते आरोपों और आलोचनाओं का सामना करना ही पड़ेगा।

सतीशन ने राज्य की राजधानी में सचिवालय के बाहर आशा कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के जारी विरोध प्रदर्शन के संबंध में भी मुख्यमंत्री के रुख की आलोचना की और विजयन की प्रतिक्रिया को ''अत्यंत निराशाजनक'' करार दिया। वह बुधवार शाम तिरुवनंतपुरम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मीडिया के प्रश्नों पर मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया का जिक्र कर रहे थे।



नेता प्रतिपक्ष ने यहां कोडानाड में संवाददाताओं से कहा कि जब मीडिया ने विजयन से उनकी बेटी वीना टी के खिलाफ ''अवैध भुगतान'' घोटाले में गंभीर कपट ''अन्वेषण कार्यालय' (एसएफआईओ) की कार्रवाई के बारे में सवाल किया तो उन्होंने गुस्से में प्रतिक्रिया व्यक्त की।

सतीशन ने कहा, उन्हें इस तरह की प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं थी। उन्हें कानूनी तौर पर मामले का सामना करना चाहिए। हमें इससे कोई समस्या नहीं है। जब तक वह मुख्यमंत्री हैं, उन्हें आलोचनाओं और आरोपों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए मीडिया या विपक्ष पर गुस्सा करने का कोई मतलब नहीं है।

एसएफआईओ जांच और विपक्ष द्वारा इस्तीफे की मांग किए जाने के बारे में मीडिया के सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा, आप मेरे इस्तीफे की उम्मीद कर सकते हैं और मुझे पता है कि आप मुझे खत्म करना चाहते हैं, लेकिन यह आसानी से नहीं होगा।

